अनुगामिनी

5 May, 2018

छांगु रोप-वे बना पर्यटकों का पसंदीदा स्थल

सुंदरता को देख मुग्ध हो जाते हैं सैलानी

गंगटोक, 05 मई (का.सं.)। राज्य के चर्चित पर्यटन गंतव्य छांगु, नाथुला व बाबा मंदिर के बाद नवनिर्मित छांगु रोप-वे पर्यटकों का पसंदीदा पर्यटन गंतव्य बन गया है। गत वर्ष जुलाई में शुरू रोप-वे सेवा इन दिनों बर्फ से ढंकी चोटियों में पहुंचकर रोमांचक दृष्य अवलोकन करने तथा बर्फ का आनंद लेने की चाह रखनेवाले पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है।

कंवेयर एंड रोप वे सर्विस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विकसित इस रोप-वे के उप महाप्रबंधक (व्यवसाय) इंद्रनाथ घोष ने कहा कि अभी हर दिन दो सौ पचास से तीन सौ पर्यटोक रोप-वे का मजा ले रहे हैं। जो पिछले साल की तुलना में अच्छा आगमन है। पर्यटकों यहां आकर स्विट्जरलैंड जैसी अनुभूति पा सकते हैं।

इसी प्रकार रोप-वे के सह मालिक केबी गुरुंग ने कहा कि लगभग आठ साल के अथक प्रयासों के बाद निर्मित यह रोप-वे पर्यटकों को अलग अनुभव व मनोरंजन प्रदान करने में सफल रही है। सिक्किम को प्रकृति का वरदान प्राप्त है। यहां कई प्राकृतिक सुंदर पर्यटन स्थल हैं। इसमें रोप-वे एक और आकर्षण बना है। उन्होंने निकट भविष्य में पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कुछ और पूर्वाधारों का निर्माण करने की जानकारी दी।

14, 500 फीट ऊंची चोटी पर निर्मित रोप-वे का अंतिम स्टेशन बर्फ से ढका हुआ है जहां से नाथुला, दार्जिलिंग, भूटान के साथ ही चर्चित डोकलाम का अवलोकन किया जा सकता! है। रोप-वे के सह मालिक गुरुंग एशिया की ही प्रथम सर्वाधिक ऊंचाई में स्थित सिक्किम का यह रोप-वे निर्माण करना भी एक कीर्तिमान के समान मानते हैं।

छांगु भ्रमण पर आए नेपाल के चलचित्र संघ के अध्यक्ष राम किशोर बोगटी ने कहा कि कहीं पर इतनी सुंदर जगह पर रोप-वे नहीं है। उन्होंने यहां भविष्य में फिल्म की शूटिंग के लिए आने की इच्छा प्रकट की। उन्होंने कहा कि नेपाल के मनोकामना में भी रोप-वे है परंतु यह मंदिर जाने के लिए है। उन्होंने कहा कि मैं सिक्किम इससे पहले भी दो बार आ चुका हुं परंतु इस बार जो नजारा और मनोरंजन मिला वह देखकर मैं चाहता हूं कि अधिक से अधिक लोग इस जगह को देखें।

इसी प्रकार सिंगापुर में रह कर अभियंता का कार्य करनेवाले फ्रांस के निकोलस अपने बच्चे और पत्नी के साथ पहली बार सिक्किम भ्रमण पर आए हैं। उन्होंने कहा कि यहां आने के बाद मुझे जो नजारा दिखा वह यूरोप के कहीं पर नहीं है। उन्होंने कहा कि मैंने यूरोप में कई जगहों का रोप-वे देखा है परंतु यह अलग है।